तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 18 जून 2024

14 मनदेव के महाबली, डीआरवॉर, फोर्ट ...

13 समस्याओं के निवारण के लिए जीवन में भगवत...




## खबर संक्षेप

### राशन कार्डधारी 30 तक करा सकेंगे ई- केवाइसी



**बालोद।** राशन कार्डधारियों का ई– केवाईसी और नवीनीकरण के लिए राज्य स्तरीय अधिकारियों की बैठक के बाद सामान्य श्रेणी, एपीएल प्राथमिकता और अंत्योदय राशनकार्ड के शेष बचे हुए हितग्राहियों को 30 जून तक ई– केवाईसी व नवीनीकरण पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। ई केवाईसी के लिए शेष बचे हुए हितग्राही को शासकीय उचित मूल्य दुकान में अपने राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ईकेवाईसी आवश्यक रूप से किया जाना है। नवीनीकरण के लिए शेष बचे हुए राशनकार्ड धारियों को एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर लिंक डाउनलोड कर या शासकीय उचित मूल्य दुकान पहुंचकर राशनकार्ड का नवीनीकरण करना होगा।

### सहकारी समिति कर्मचारी संघ का धरना-प्रदर्शन आज

**बालोद।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आव्हान पर जिले के कर्मचारी भी 18 जून को हड़ताल पर रहेंगे। सभी कर्मचारी इस दौरान रायपुर में होने वाले धरना प्रदर्शन में भाग लेने रायपुर जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी समिति कर्मचारी संघ रायपुर के आव्हान में पूरे प्रदेश के 2058 कृषक सेवा सहकारी समिति में कार्यरत समस्त कर्मचारी समिति प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक सह कम्प्यूटर आपरेटर, लेखापाल, विक्रेता, चौकीदार, भृत्य अपनी 3 सूत्रीय मांगों की समर्थन में बूढ़ा तालाब रायपुर में 18 जून को एक दिवसीय रैली, धरना देकर मुख्यमंत्री, खाद्य मंत्री एवं सहकारिता मंत्री को महारैली के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदेश संघ के आव्हान पर अपनी तीन सूत्रीय मांगों की समर्थन में जिला बालोद के सभी 122 कृषक सेवा सहकारी समितियों में कार्यरत समस्त कर्मचारी समिति रायपुर जाएंगे। इस कारण 18 जून को जिले के सभी 122 समितियां पूर्णतः बंद रहेगी।

### आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**गुण्डरदेही।** स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही में प्रथम चरण लॉटरी से चयनित विद्यार्थियों के प्रवेश पश्चात शेष रिक्त सीटों के लिए आवेदन लिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त निर्देशानुसार पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित कर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण किया जा रहा है। इच्छुक आवेदक 18 से 25 जून तक विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं रिक्त सीटों की जानकारी विद्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

# घर में बैठकर या मीलों दूर से खेत में लगे मोटरपंप को कर सकेंगे बंद और चालू


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ब्लाक के ग्राम पेंड्री निवासी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र आशीष साहू और भिलाई निवासी मोहन साहू ने मिलकर घर बैठे अपने खेत में लगे मोटर पंप को बंद चालू करने का उपकरण तैयार किया है।

■ फेस भी चेक कर सकेंगे

आशीष और मोहन ने किसानों को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से इस उपकरण का निर्माण किया है। उपकरण का नाम जीएसएम ऑटो मोबाइल मोटर स्टार्टर है,

## दो छात्रों ने मिलकर बनाई डिवाइस



### इस तरह करेगा काम

इस सिस्टम में एक सिम कार्ड लगा रहता है। आपके एरिया में जो भी कंपनी का सिम नेटवर्क रहता है वह सिम लगा सकते हैं। मोबाइल से जो सिम नंबर रहेगा उसको डायल करेंगे। एक नंबर दबाने पर मोटर चालू होगा। आठ नंबर दबाने से मोटर बंद होगा। और फेस चेक करने के लिए चार नंबर दबाने से तीनों फेस आ रहा है कि नहीं वह चेक कर सकते हैं। और फेस चेक होने के बाद 6 नंबर दबाने पर फेस डिटेक्टर बंद हो जाएगा।



जिसके माध्यम से किसान मिलों दूर बैठकर अपने मोटर पंप को बंद या चालू कर सकते हैं। जीएसएम मोबाइल यूनिट एक ऐसा सिस्टम है, जो कहीं भी रहकर मोटर को चालू या बंद किया जा सकता है। घर बैठे या कहीं पर रहकर मोटर में कितना फेस आ रहा है वह भी चेक किया जा सकता है। आशीष साहू ने सबसे पहले अपने घर के मोटर पंप में इसका परीक्षण किया उसके बाद यह डिवाइस को बनाकर किसानों को उपलब्ध कराकर इस सुविधा का लाभ लेने के लिए जागरूक कर रहे हैं।

### समस्या बढ़ी : साफ-सफाई की पोल खुली, जगह-जगह पानी भरा

# तेज हवाओं के साथ हुई बारिश, तापमान गिरा पर उमसभरी गर्मी से लोग होते रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में तेज हवाओं के साथ एक घंटे हुई बारिश से तापमान गिर गया। बारिश होते ही साफ- सफाई की पोल खुल गई। जगह- जगह पानी भर गया। तेज हवाओं के कारण बिजली गुल हो गई। बारिश बंद होने के बाद उमसभरी गर्मी ने लोगों को जमकर परेशान किया। लोगों ने बारिश का मजा भी लिया।

■ विद्युत विभाग द्वारा किए गए मेंटनेंस का दावा हुआ खोखला साबित

जिले में बारिश का दौर शुरू हो चुका है। 15 जून की रात झमाझम बारिश के बाद 16 जून को सारा दिन बादल छाए रहे, हालांकि इस दिन पानी नहीं गिरा। 17 जून सोमवार को दोपहर 12 बजे से झमाझम बारिश शुरू हुई।

बारिश के साथ गरज चमक और तेज हवाएं भी चली। सोमवार को हुई बारिश से जिला तरबतर हो गया। जिले में मानसून के दस्तक के बाद अब कभी भी मौसम अचानक परिवर्तन होकर गरज चमक और अंधड़ के साथ बारिश होती रही। सोमवार को दोपहर हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट जरूर आई, लेकिन उमसभरी गर्मी ने लोगों का पीछा नहीं छोड़ा है। जिला मुख्यालय में करीब एक घंटे तक बारिश हुई। जिले के अलग अलग इलाकों में अलग-अलग समय पर रुक रुककर बारिश होती रही। जिला मुख्यालय में एक घंटे तक बारिश के बाद विद्युत विभाग द्वारा किए गए मेंटेनेंस का दावा खोखला साबित हो गया। दोपहर के बाद से रुक रुक कर कई बार बिजली गुल हुई, जिससे लोग काफी परेशान नजर आएं। वहीं बार बार हो रहे बिजली गुल की समस्या को जिम्मेदार विभाग द्वारा जड़ सहित खत्म नहीं किया जा रहा है जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है।



### नालियां बजबजाई, गंदगी फैली

एक घंटे की बारिश ने निकाय के साफ- सफाई के दावों की पोल खोल दी है। बारिश से नालियों में पानी भर गया, जिससे बजबजाने लगी। गंदगी निकलकर सड़कों में फैल गई और बदबू से लोग परेशान होते रहे। लोगों का कहना था बिजली व निकायों के कर्मचारियों किस तरह से कार्य करते हैं, इस पर शोध होना चाहिए। शोध के बाद इन लोगों के लिए कार्ययोजना बनाकर ट्रेनिंग दी जानी चाहि।

# दुकान से नकद व सोने की मूर्तियां ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शहर में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। शहर के गंजपारा स्थित संतोषी बीज भण्डार दुकान से एक अज्ञात चोर ने 26 हजार रुपए नकद और गल्ला में रखे भगवान गणेश व माता लक्ष्मी की सोने की मूर्ति जिसकी कीमत 22 हजार रुपए है, चोर ने चोरी के वारदात को अंजाम दिया है। घटना 12 और 13 जून की मध्य रात्रि की है।

दुकान संचालक वैभव टावरी ने बताया कि 13 जून को सुबह 9 बजे अपने दुकान को खोलकर अंदर घुसे तो देखा कि गोदाम का शटर थोड़ा खुला हुआ था। देह हुआ तब किसी भी सामान को न छूकर छोटे भाई विनोद टावरी को फोन कर बुलाया। उसके आने पर दुकान के सभी तरफ को चेक करने पर गोदाम के पीछे का लोहे का दरवाजा नीचे से टूटा था। दुकान में लगे सभी सीसीटीव्ही कैमरा को चेक किये तो एक संदिग्ध आदमी दिख रहा है। दुकान के गल्ला में रखे नोट एवं चिल्हर लगभग 26,000 रुपए एवं गल्ला में रखे गणपति एवं लक्ष्मी की सोने की मूर्ति कीमत 22 हजार रुपए कुल 48 हजार रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। घटना के बाद प्रार्थी की रिपोर्ट में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, वहीं सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से चोर तक पहुंचने पुलिस छानबीन शुरू कर दी है।




■ संतोषी बीज भंडार में चोरों का धावा, घटना आई सामने

### पुलिस चोरों के सामने हुई बेबस

जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुए चोरी की कई घटनाएं सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद भी अज्ञात चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। इसका सबसे बड़ा कारण यह भी है कि शातिर चोर काफी चालाकी के साथ वारदात को अंजाम दे रहे हैं। जिसके कारण चोर पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं और उनके हौसले बुलंद होते जा रहा है। जिसके कारण लगातार पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। चोरों के आगे पुलिस बेबस नजर आ रही है।

## ईदुल अजहा पर खुशहाली और अमन की मांगी दुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर में मुस्लिम समाज द्वारा सोमवार को ईदुल अजहा का त्योहार मनाया गया। नगर की ईदगाह में सुबह 9.30 बजे नमाज अता कर नगर, प्रदेश और देश में खुशहाली, अमन चैन के लिए दुआ मांगी।

■ ईदगाह में अता की गई नमाज

मुस्लिम समाज सदर जनाब सलीम खान, मस्जिद के इमाम हाफिज व कारी सफी साहब, हाजी जैनुद्दीन, फहीम कुरैशी, पार्षद सलीम भाई, मो.रियाज, सरफुद्दीन निर्वाण, जब्बार तिगाला, हाजी आफताब, हाजी अंसारी, हाजी नूर मोहम्मद, सलीम, रिजवान तिगाला, अकमल खान फैज़ बक्स, रजा बक्स, मंजू, यूनुस, अफजल अली, वहिद, अकील, जफर गोरी, अकरम निर्वाण सहित आसपास के गांवों से समाज के लोग उपस्थित थे।

## तांदुला स्टाप डेम का निकासी गेट जर्जर, निस्तारी व सिंचाई के लिए ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर दूर बसे ग्राम लिमोरा में स्थित तांदुला स्टाप डेम संरक्षण के अभाव में जलकुम्भी से पट गया है। निकासी गेट जर्जर हो चुका है, जिसके कारण ग्रामीणों को निस्तारित उपयोग व सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है।

■ संरक्षण के अभाव में जलकुंभी से पटा

ग्राम लिमोरा में वर्ष 1972 में एक स्टाप डेम का निर्माण किया गया था। जिसका नाम तांदुला स्टाप डेम रखा गया था, जो गंगरेल जलाशय के नहर पानी को संरक्षित रखने का काम आता है। जिससे किसानों को खेतों में सिचाई के लिए वैकल्पिक सुविधा प्रदान की जाती है। इसके बावजूद सम्बंधित विभाग द्वारा निकासी गेट व रपटा मरमत का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण किसान परेशान नजर आ रहें है। ग्रामीणों की माने तो स्टाप डेम के माध्यम से लिमोरा और अमोरा दोनों गांव के किसानों को सिचाई के लिए पानी उपलब्ध होता है, जिससे लगभग 150 एकड़ से ज्यादा खेतों में सिचाई की जाती है। ग्रामीणों की मांग है कि डेम के दूसरी ओर एक और गेटवाल लगाया जाए। स्टाप डेम के रपटा की ऊंचाई को बढ़ाया जाए जिससे असिंचित क्षेत्र के खेतों तक सिचाई के लिए पानी दिया जा सकता है। गांव से लगे जमीन को वैकल्पिक सिचाई की सुविधा से जुड़ जायेगा, जिससे किसानों को लाभ मिलेगा। नन्द कुमार तारम, टेमन साहू, भुवन शांडील, चेतन खरे, जितेंद्र साहू ने बताया कि रपटा की ऊंचाई के बढ़ाने व गेटवाल लगाने से गांव का भवर खार लगभग 70 एकड वैकल्पिक सिचाई से जुड़ जाएगा, निकासी गेट जर्जर हो चुका है जिसका मरमत करना अनिवार्य है। जिसके कारण इस वर्ष निस्तारित उपयोग के लिए तालाब में पानी नहीं पहुंच पाया। समय रहते इसकी मरमत नहीं की गईं तो आगामी दिनों में किसानों को सिचाई के लिए पानी भी नहीं मिल पाएगा।



**कई बार दे चुके अफसरों को जानकारी : गांधी :** सरपंच मनीष गाँधी ने बताया की संबंधित विभाग को समस्या को लेकर कई बार जानकारी दी चुकी है,लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। लगभग 2 वर्ष पहले पंचायत के माध्यम से जलकुम्भी की सफाई कराई गईं थी।

## कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन आज

**बालोद।** जिला कांग्रेस कमेटी बालोद द्वारा बलौदा बाजार की घटना के विरोध में एवं प्रदेश में भाजपा की सरकार आए दिन हो रही आगजनी एवं हिंसक घटनाएं बढ़ी है। प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ 18 जून को संपूर्ण प्रदेश के जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया है।



■ प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों का हल्ला बोल

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद महामंत्री रतिराम कोसमा ने बताया इसी तारतम्य में बालोद जिला में भी 18 जून को जयस्तंभ चौक के समीप सुबह 11 से जिला के कांग्रेस जनों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएंगा। इस धरना प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद फूलोंदेवी नेताम, डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, विधायक बालोद संगीता सिन्हा, विधायक गुण्डरदेही कुंवरसिंह निषाद, पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया, भैया राम सिन्हा, विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इनके अलावा धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के समस्त पदाधिकारी गण समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के जिला एवं ब्लॉक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## मौसम ने ली करवट गिरा पानी

**डौंडीलोहारा।** मानसून की लुकाछुपी के बीच अभी भी लोगों को भारी गर्मी से दो चार होना पड़ रहा है। कृषि कार्य में तेजी के लिए किसानों को मानसून का बेसब्री से इंतजार है, लेकिन मानसून का अता पता नहीं है। कई किसानों ने प्री मानसून में हुई वर्षा के चलते बुवाई कार्य प्रारंभ कर दिया है। सोमवार को एकाएक मौसम में करवट बदलते हुए 1 घंटे बारिश हुई, लेकिन यह भी कहीं-कहीं हुई है। भीषण गर्मी के बीच बारिश होने के कारण लोगों को उमसभरी गर्मी ने बेचैन कर दिया है। पंखे कूलर ने काम करना बंद कर दिया हैं। बारिश होने की वजह से कीड़े मकोड़ों का प्रकोप भी बढ़ गया है।

हरिभूमि पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

## अब स्कूल खुलेंगे 26 से गर्मी के कारण फैसला




**बालोद।** एक ओर जहां जिले में मानसून ने दस्तक दे दी है तो वहीं दूसरी ओर प्रदेश सरकार ने गर्मी का प्रकोप कम नहीं होते देख ग्रीष्मकालीन अवकाश 25 जून तक बढ़ा दिया है। अब नए शिक्षण सत्र को 26 जून से शुरू करने का आदेश जारी कर दिया है। रविवार को शासन द्वारा आदेश जारी कर कहा गया कि गर्मी की वजह से 18 जून को खुलने वाले सभी स्कूलों को अब 26 जून को खोला जाएगा। हालांकि शिक्षा विभाग द्वारा 18 जून से स्कूल खुलने से पहले पूरी तैयारी कर लेने का दावा किया जा रहा था। लेकिन अब जिले के शिक्षा विभाग को लगभग आठ दिनों का और अतिरिक्त समय मिल चुका है। ऐसे में देखना होगा कि संबंधित विभाग द्वारा इन आठ दिनों में स्कूल खुलने से पहले किस तरह से बेहतर ढंग से तैयारी करेंगे।



